हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 7 नवंबर 2026

06 नगर परिषद के फैसले से बढ़ी नाराजगी बाजार शिफ्ट होने से पुराना बाजार...



07 चंदेरी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय आयोजन में युवा दिखाएंगे प्रतिभा

सीहोर। राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 14 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से आवासीय खेलकूद संस्थान में किया जाएगा। युवा उत्सव में लोकनृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस वर्ष युवा उत्सव को नवीन स्वरूप में 'यंग लीडर्स' एवं 'सांस्कृतिक ट्रैक' दो भागों में जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए युवा प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तथा सहयोगी प्रतिभागियों की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिये। आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। पिछले वर्ष सांस्कृतिक ट्रैक में भाग लेने वाले प्रतिभागी इस वर्ष इसमें भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। इच्छुक युवा एवं छात्र-छात्राओं के लिए माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन के बाद माय भारत पोर्टल की पंजीयन रसीद, विभाग द्वारा प्रदाय पंजीयन फार्म, आधार, जन्म प्रमाण पत्र अथवा कक्षा 10वीं की अंकसूची की मूल प्रति एवं छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन जमा करना होगा।

दीपावली पर नृसिंह मंदिर पर श्रीयंत्र पूजन

सीहोर। शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मी-नृसिंह मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आस्था और उत्साह के साथ पांच दिवसीय श्री यंत्र पूजन का आयोजन किया जा रहा है। इसके पहले दिन संत माधवदास महाराज के मार्गदर्शन में श्रीयंत्र का विशेष अभिषेक किया गया अब शनिवार को सुबह ग्यारह बजे कुमकुम अर्चना की जाएगी।

शुक्रवार को संत माधवदास महाराज ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक समय देवताओं और असुरों के बीच अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन करने का निर्णय हुआ। इसके लिए मंदराचल पर्वत को मथनी और भगवान विष्णु के कूर्म अवतार को आधार बनाया गया। वासुकी नाग को रस्सी बनाकर देवताओं और असुरों ने मिलकर क्षीरसागर का मंथन शुरू किया। समुद्र मंथन से एक के बाद एक कई दिव्य रत्न, ऐरावत हाथी, उच्चैःश्रवा घोड़ा, देवी लक्ष्मी और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं प्रकट हुईं। इसी मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अपने हाथों में अमृत से भरा कलश लेकर प्रकट हुए। उन्हें भगवान विष्णु का अंशावतार और आयुर्वेद का प्रवर्तक माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य की स्मृति में ही कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। इस दिन उनकी पूजा-अर्चना कर अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

किसानों को दगा दे गई गेंदे के फूल की खेती, धनतेरस पर बिका 10 रुपए किलो

दाम गिरने की आशंका, किसान बोले- मेहनत बेकार गई, लागत निकल पाना भी मुश्किल

किसानों के मुताबिक धनतेरस के दिन तो महज 25 प्रतिशत किसान ही अपने खेतों से फूल तोड़कर सब्जी मंडी लेकर आए थे, जब 25 प्रतिशत आवक में ही भाव मिट्टी के मोल हो गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली के पावन पर्व पर जहां हर तरफ रोशनी और सजावट की तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं फूलों की खेती करने वाले अन्नदाता के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है। इस बार त्योहारी सीजन में गेंदे के फूल की खेती किसानों को पूरी तरह दगा दे गई है। धनतेरस के दिन मंडी में बंपर आवक और कम मांग के कारण गेंदे का फूल महज 10 रुपए प्रति किलो के औने-पौने दाम पर बिका। इससे किसानों के लिए फसल की लागत और तुड़ाई का खर्च तक निकालना मुश्किल हो गया है। सब्जी मंडी में गेंदे के फूल लेकर पहुंचे किसानों का कहना है कि शुक्रवार को धनतेरस के मौके पर शुरुआत में गेंदे के भाव 40 से 42 रुपए प्रति किलो तक रहे। लेकिन जैसे-जैसे फूलों की आवक बड़ी भाव लुढ़क्कर 10 रुपए किलो पर आ गए। किसानों के मुताबिक धनतेरस के दिन तो महज 25 प्रतिशत किसान ही अपने खेतों से फूल तोड़कर मंडी लेकर आए थे, जब 25 प्रतिशत आवक में ही भाव मिट्टी के मोल हो गए तो शनिवार और दीपावली के दिन जब बाकी बचे 75 प्रतिशत गेंदे के फूल मंडी में आएंगे, तब दामों का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

लागत बढ़ी, मेहनत बढ़ी पर मुनाफा नहीं

पचामा स्थित किसान मनीष यादव ने बताया कि उनके पड़ोसी किसान ने आधा एकड़ में गेंदे की खेती की है। इस बार खेती में खर्च और देखरेख दोनों काफी बढ़ गए हैं। मनीष ने बताया कि अब बीजों की जगह सीधे गेंदे के पौधे खरीदे जाते हैं, जो करीब 3 रुपए प्रति पौधा पड़ते हैं। आधा एकड़ में लगभग ढाई हजार पौधे लगाए गए हैं। गेंदे की फसल तैयार करने में कम से कम तीन बार खाद देनी पड़ती है और समय-समय पर निंदाई-खुदाई का खर्च उठाना पड़ता है।

कीटनाशकों दवाओं का भी खर्चा बढ़ा

मनीष यादव ने बताया कि पहले गेंदे की फसल में कभी कीटनाशक दवाइयां नहीं डालनी पड़ती थीं, लेकिन बीते दो-तीन सालों से बीमारियों के कारण बार-बार महंगी दवाइयों का छिडक़ाव करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि आधा एकड़ जमीन में करीब 6 से 7 क्विंटल गेंदे के फूलों की पैदावार होती है, जबकि इसे तैयार करने में 18 से 20 हजार रुपए का खर्च आ जाता है।

ग्राहकों के लिए सस्ती, किसानों का नुकसान

अगर बीते वर्ष की बात करें तो त्योहारी सीजन में गेंदे के फूल की एक माला आराम से 20 से 30 रुपए तक बिकी थी, जिससे किसानों को अच्छी खासी बचत हो जाती थी, लेकिन इस बार थोक मंडी में भाव बुरी तरह गिरने के कारण बाजार में भी फूल और मालाएं काफी कम दाम में मिलने की उम्मीद है। धनतेरस-दीपावली पर फूलों के इस तरह औने-पौने दाम होने से किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। मंडी तक फूल लाने का भाड़ा और मजदूरों की दिहाड़ी भी अपनी जेब से भरने की नौबत आ गई है। फूल की खेती के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है।

सड़क किनारे नवजात का शव लेकर घूमता दिखा कुत्ता

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

अहमदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सीलखेड़ा में नवजात शिशु का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे एक कुत्ता नवजात के शव को मुंह में लेकर घूम रहा था। यह दिल दहला देने वाला दृश्य देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अहमदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात के शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने पुष्टि की है कि नवजात शिशु बालिका है। फिलहाल नवजात की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि नवजात का शव सड़क किनारे किन परिस्थितियों में पहुंचा और उसकी मौत किन कारणों से हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद से सीलखेड़ा गांव में सनसनी फैल गई है और चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

गांव में हर कोई यही सवाल कर रहा है कि आखिर मासूम को किसने और क्यों इस तरह सड़क किनारे छोड़ दिया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गुस्सा और दुख दोनों देखने को मिल रहा है।पुलिस आसपास के गांवों में भी पूछताछ कर रही है। अस्पतालों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भी जानकारी जुटाई जा रही है ताकि नवजात की मां और परिजनों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की भी बात कही है।थाना प्रभारी बीएल त्यागी ने बताया कि रोड के किनारे एक नवजात शिशु मिला था।

कुत्ता शिशु के शव को लेकर घूम रहा था। गांव के सरपंच और कोटवार ने बताया था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मामला दर्ज कर लिया है, जांच जारी है। शव का पीएम करा दिया है। जिस डॉक्टर ने पीएम किया है, उसने चेक किया था, नवजात शिशु बालिका है।

विधायक ने दिया स्वदेशी सामान की खरीदारी करने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोकल बाजार में शुक्रवार को विधायक सुदेश राय पत्नी समाजसेविका अरुणा राय और बिटिया अनुष्का राय दीपावली महापर्व की खरीददारी करते हुए दिखाई दिए। विधायक परिवार में स्वदेशी सामग्री के इस्तेमाल और खरीदारी करने का आह्वान किया। विधायक सुदेश राय ने जहां एक दुकान से नए कपड़े खरीदे तो वही समाजसेविका अरुणा राय ने मिट्टी के दिए लक्ष्मी जी की मूर्ति मिट्टी के सजावटी सामान खरीदे तो वहीं बिटिया अनुष्का राय ने फुटपाथ की दुकान से रंगोली के रंग और अन्य रंगोली बनाने में उपयोगी जरूरी सामग्री खरीदी।

खरीदी के दौरान राय परिवार की बहू और विधायक सुदेश राय की धर्मपत्नी अरुणा राय ने आमग्रहिणी की तरह दुकानदारों से भावताव किया तो वही विधायक सुदेश राय ने छोटे बड़े दुकानदारों को भुगतान किया। विधायक परिवार ने इस दौरान बच्चों को गिफ्ट भी दिए मिठाई खिलाई और दुलार भी किया। दुकानदारों से बाजार की स्थिति की जानकारी भी ली और समस्याओं को लेकर भी चर्चा कर ली। बाजार में खरीदारी के दौरान विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरुणा राय ने दुकानदारों नागरिकों शहर वासियों और ग्रामीण अंचलों से खरीदारी करने बाजार में पहुंचे नागरिकों को दीपावली की बधाई शुभकामनाएं भी दी। विधायक परिवार अटल बिहारी वाजपेई चौराहा से मेन रोड बड़ा बाजार, चरखा लाइन सराफा बाजार गांधी रोड नमक चौराहा सब्जी मंडी फल बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचे। विधायक परिवार को इस तरह अपने बीच में देखकर छोटे-बड़े दुकानदार खुश दिखाई दिए। अनेक दुकानदारों ने सामग्री का पैसा लेने से भी इनकार किया लेकिन विधायक परिवार में सभी को भुगतान किया और दीपावली की बधाई शुभकामनाएं दी।

मुख्य सचिव ने औद्योगिक क्षेत्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रदेश के मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सीहोर जिले के औद्योगिक विकास और औद्योगिक गतिविधियों का जायजा लेने के लिए सीहोर तहसील के औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी एवं आष्टा तहसील के झिलेला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में विकसित अधोसंरचना, स्थापित व संचालित औद्योगिक इकाइयों, निवेश की स्थिति, रोजगार के अवसरों तथा उद्योगों के संचालन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं और उद्योगों के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव बर्णवाल ने औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से जिले में हो रहे औद्योगिक विस्तार, निवेश की संभावनाओं और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की स्थिति को जाना। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए उद्योगों के विकास और संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान संबंधित उद्योग एवं एमपीआईडीसी के अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मर निर्माण और औद्योगिक उत्पादन से जुड़ी जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने मुख्य सचिव को सीहोर जिले में स्थापित औद्योगिक केंद्रों के विकास, औद्योगिक इकाइयों की वर्तमान स्थिति तथा जिले में संचालित औद्योगिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिले में हुए निवेश, उद्योगों के संचालन, रोजगार सृजन और औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी अवगत कराया। सीहोर जिले में बड़ियाखेड़ी एवं झिलेला औद्योगिक क्षेत्र औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। स्थापित इकाइयों के माध्यम से जिले में निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चन्द्र मोली शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक विषाल सिंह चैहान, एएसपी डॉ. प्रशांत चैबे, एसडीएम तन्मय वर्मा उपस्थित थे।

किराया भुगतान करने का आदेश किया पारित

सीहोर। नगर के मछली स्टेशन रोड निवासी अशोक कुमार नामदेव ने बताया कि उनके स्वामित्व का एक मकान जो कि सैकड़ाखेड़ी में स्थित है उक्त मकान को 1 जुलाई 2021 को एक व्यक्ति को दो हजार रूपये प्रतिमाह के हिसाब से किराये पर दिया था। किन्तु किरायेदार द्वारा वर्ष 2021 से ही उक्त मकान का किराया अदा नही किया जा रहा था एवं मकान को हड़पने का प्रयास किया जा रहा था। न्यायधीश ने दोनों पक्षों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए 4 नम्बर को निर्णय सुनाते हुए किरायेदार को मकान खाली करने के साथ ही दो हजार रूपये प्रतिमाह के हिसाब से छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करने एवं अभिभावक शुल्क, विद्युत बिल एवं अन्य व्यय का भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

दीपावली पर रोशनी से जगमगाया कुबेरेश्वरधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। दीपोत्सव के अवसर पर धाम को आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी, झालरों और विशेष सजावट से सजाया गया है। यहां की भव्य लाइटिंग और मंदिर परिसर की सुंदर सजावट देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। धनतेरस के अवसर पर हजारों भक्तों ने धाम स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान के दर्शन किए और शाम को बाबा का विशेष अभिषेक-पूजन किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

धनतेरस के अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि दीपावली सुख-समृद्धि और खुशियों का पर्व है। इस पर्व को जरूरतमंदों की मदद करते हुए मनाना चाहिए। उन्होंने धनतेरस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार दीपावली की शुभ शुरुआत का प्रतीक है। दिवाली से पहले मनाया जाने वाला धनतेरस का त्योहार धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरि की पूजा करने की परंपरा है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है। भारतीय संस्कृति में इस दिन सोना, चांदी अथवा कोई विशेष वस्तु खरीदने की परंपरा है। लोग सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना के साथ मां लक्ष्मी की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि धनतेरस केवल कीमती वस्तुएं खरीदने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में सकारात्मकता और खुशहाली का स्वागत करने का अवसर भी है। घर लाई गई वस्तु से जुड़ी भावना और विश्वास सबसे अधिक मायने रखते हैं। यह त्योहार परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताने तथा खुशियां बांटने का भी अवसर देता है। उन्होंने सभी के लिए खुशहाली, अच्छी सेहत, समृद्धि और मां लक्ष्मी के आशीर्वाद की कामना करते हुए धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं। धनतेरस पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद शनिवार को छोटी दीपावली, रविवार को लक्ष्मी-कुबेर पूजन और सोमवार को गोवर्धन पूजा सहित पांच दिवसीय दीपोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। दीपोत्सव पर मंदिर परिसर हजारों दीपों की रोशनी से जगमगाएगा।

धनतेरसर पर बाजार में जमकर बसरा धन, बाजार रहा गुलजार

धनतेरस पर बाजार में 40 करोड़ रुपए का हुआ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



त्योहारी सीजन में बाजार गुलजार हैं। ग्राहकों ने धनतेरस के शुभ मुहूर्त में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीकल, सराफा और ऑटो मोबाइल्स की दुकानों पर पहुंच कर जमकर खरीदारी की। एक अनुमान के मुताबिक धनतेरस पर बाजार में करीब 40 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। शुक्रवार को धनतेरस पर बाजार में जमकर धन बरसा। व्यापारियों ने सुबह से ही अच्छी ग्राहकी की उम्मीद में अपने प्रतिष्ठान खोल लिए थे। इसके बाद बाजार में दस बजे से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम तक हालत यह हो गई थी बाजार में भीड़ के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनने लगी। इस दौरान ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। धनतेरस पर इस बार सबसे अधिक एडवांस बुकिंग दो पहिया वाहनों की हुई। धनतेरस के लिए करीब 200 से अधिक बाइकों की एडवांस बुकिंग हुई थी। ग्राहकों ने शुभ मुहूर्त में शो रूम पर पहुंच कर वाहनों को खरीदा। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक शो रूमों पर भी एलसीडी, टीव्ही, फ्रीज, वॉशिंग मशीन की खरीदारी हुई। वहीं सराफा, प्रापर्टी, बर्तन, कपड़ा बाजार में भी जमकर खरीदारी हुई।

10 करोड़ रियल स्टेट

धनतेरस के शुभ मुहूर्त में प्रापर्टी बाजार में उछाल देखा गया। इस दौरान मकानों और जमीन की जमकर खरीदी हुई। एक अनुमान के मुताबिक रियल स्टेट में धनतेरस पर करीब 10 करोड़ का करोबार हुआ। प्रापर्टी डीलरों का कहना है कि दीवाली तक इस तरह की खरीदारी का दौर चलेगा। रजिस्टार ऑफिस में सामान्य दिनों की तुलना रजिस्ट्रीयों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

ऑटो मोबाइल्स : 7 करोड़ कारोबार

धनतेरस पर आटो मोबाइल्स सेक्टर में करीब 8 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ। दो पहिया, चार पहिया और ट्रेक्टरों की इस मौके पर जमकर खरीदारी हुई। दो और चार पहिया शोरूम संचालकों के अनुसार इस बार अपेक्षा अनुरूप कारोबार हुआ है। धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में 3 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ। इलेक्ट्रॉनिक्स शो रूम संचालकों के अनुसार धनतेरस के शुभ मुहूर्त में जमकर बिक्री हुई है। ग्राहकों ने इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों पर पहुंचकर विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक आयटम खरीदे, इसी को देखते हुए दीवाली पर भी अच्छा करोबार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

पांच करोड़ का सराफा बाजार

शहर के सराफा बाजार में भी धनतेरस पर करीब पांच करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। ग्राहकों ने सोने-चांदी के जेबरात और सिक्कों की जमकर खरीदारी की। सराफा व्यापारी दिवाली पर भी अच्छा कारोबार होने की उम्मीद जता रहे हैं।

एक करोड़ का कपड़ा बाजार

कपड़ा बाजार में भी धनतेरस के शुभ मुहूर्त में करीब एक करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ। कपड़ा व्यापारियों के अनुसार नये डिजायनों के जींस, पेंट, टी शर्ट की मांग बनी हुई है। दीवाली पर भी अच्छी ब्रिकी की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

सागर में होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

सीहोर। मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी दिनों में सागर में होने वाली राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीहोर जिले की टीम का चयन एवं साथ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत शहर के चर्च मैदान पर आयोजित की गई। टीम के प्रशिक्षक इंटरनेशनल प्लेयर सुयश कन्नोजिया, सचिव आनंद उपाध्याय, अरुण राठौर, दीपक गुरबाणी, मनोज अहिरवार, विपिन पवार, विजेन्द्र परमार, मनोज दीक्षित मामा आदि को शामिल किया गया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के चर्च मैदान पर प्रतिदिन 3 बजे से इन खिलाड़ियों का अभ्यास कराया जाएगा 15 तारीख को 20 सदस्य टीम सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी मध्य प्रदेश स्टेट चैंपियनशिप सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पहले चर्च मैदान पर चयन और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले भर के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

550 किलो संदिग्ध मिठाई जब्त

देवास। दीपावली के त्योहार पर मिठाइयों की बढ़ती मांग के बीच खाद्य पदार्थों में मिलावट का मामला सामने आया है। खाद्य विभाग की टीम ने नयापुरा स्थित न्यू सदेसी स्वीट्स पर दबिश देकर करीब 550 किलो संदिग्ध मिठाइयां जब्त की हैं। प्रारंभिक जांच में मिठाइयां मध्यप्रदेश में प्रतिबंधित एनालॉग मावे से तैयार किए जाने की बात सामने आई है।

नए हाट बाजार की व्यवस्था से पुराने व्यापारियों की रोजी-रोटी पर संकट

नगर परिषद के फैसले से बढ़ी नाराजगी बाजार शिफ्ट होने से पुराना बाजार सूना

वाले साप्ताहिक बाजार के कारण उनकी दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ पहुंचती थी, लेकिन बाजार दूसरी जगह चले जाने से अब पुराना बाजार सूना नजर आने लगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



नगर परिषद द्वारा साप्ताहिक हाट बाजार को नए स्थान पर शिफ्ट करने का फैसला पुराने व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बनता नजर आ रहा है। बाजार का स्थान बदलने के बाद पुराने बाजार क्षेत्र में ग्राहकों की आवाजाही कम होने से दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वर्षों से बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण उनकी दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ पहुंचती थी, लेकिन बाजार दूसरी जगह चले जाने से अब पुराना बाजार सूना नजर आने लगा है। व्यापारियों ने इस व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और हाट बाजार को पुनः पुराने स्थान पर लगाने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि नगर परिषद ने बाजार को नए स्थान पर तो पहुंचा दिया, लेकिन वहां की व्यवस्थाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। नए बाजार में जगह की कमी, पार्किंग की अव्यवस्था और मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बाजार स्थानांतरित करने से पहले क्या व्यापारियों और आम नागरिकों की सुविधाओं को लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया था? नगर परिषद द्वारा बुधवार के साथ शनिवार को भी बाजार लगाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन पुराने व्यापारियों का कहना है कि इससे उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। बाजार की नई व्यवस्था से जहां पुराने दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है, वहीं नए स्थान पर भी सुविधाओं की कमी सामने आ रही है। व्यापारियों ने प्रशासन से बाजार व्यवस्था पर पुनर्विचार कर पुराने स्थान पर हाट बाजार लगाने की मांग की है। अब देखना होगा कि नगर परिषद और प्रशासन व्यापारियों की परेशानी को गंभीरता से लेते हैं या फिर पुराने बाजार के दुकानदारों को इसी तरह आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

जिम्मेदारों की अनदेखी से हादसों को न्योता दे रही जर्जर सड़क

जगह-जगह उखड़ी डामर की परत और गहरे गड्ढों से वाहन चालक परेशान, मरम्मत के लिए आखिर कब जागेगा विभाग? रेहटी-सलकनपुर से अब्दुल्लागंज जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग की बदहाल स्थिति वाहन चालकों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, वहीं डामर की परत उखड़ने से सड़क पर दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। लंबे समय से बनी इस स्थिति के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से मरम्मत को लेकर गंभीर पहल होती नजर नहीं आ रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन चालक और स्थानीय लोग आवागमन करते हैं। सड़क की खराब हालत के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। कई स्थानों पर गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण वाहन अनियंत्रित होने का खतरा बना रहता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा साबित हो सकता है। सड़क की बदहाली केवल आवागमन की परेशानी तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि महत्वपूर्ण मार्ग होने के बावजूद इसकी सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। आखिर सड़क की मरम्मत के लिए जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहा है? क्या अधिकारियों को सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं दे रही या फिर शिकायत और परेशानी के बावजूद समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है? क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सलकनपुर-अब्दुल्लागंज मार्ग का तत्काल निरीक्षण कराकर गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को रोजाना की परेशानी से राहत मिल सके। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर कब तक संज्ञान लेते हैं या फिर राहगीर इसी तरह बदहाल सड़क पर जोखिम भरा सफर करने को मजबूर रहेंगे।

संस्कार केंद्रों के बच्चों के घर पहुंचकर सेवा भारती ने बांटी दीपावली की खुशियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

दीपावली का त्योहार खुशियां बांटने और जरूरतमंद लोगों के जीवन में भी रोशनी लाने का पर्व है। इसी भावना के साथ सिद्धपुर सेवा भारती समिति, सीहोर नगर भैरूंदा की ओर से सराहनीय पहल करते हुए नगर के चारों संस्कार केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां मनाई गईं।

समिति के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने बच्चों के घर-घर पहुंचकर उनके पालकों से आत्मीय मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बच्चों को दीपावली मनाने के लिए फुलझड़ियां, मिठाइयां, दीपक, बाती, तेल और मां लक्ष्मी का चित्र सहित पूजन सामग्री भेंट की गई।इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य संस्कार केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को भी दीपावली का त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाने का अवसर देना था। बच्चों को जब दीपावली की सामग्री भेंट की गई तो उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। स्वयंसेवकों ने बच्चों और उनके परिवारों के साथ समय बिताया तथा त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान मा. सह विभाग संघचालक (राजगढ़) बाबू सिंह ठाकुर, भैरूंदा खंड संघचालक बृजमोहन गौड़, सेवा टोली के सदस्य तथा केशव एवं महाकाल बस्ती की शाखाओं के स्वयंसेवकों ने घर-घर पहुंचकर सामग्री वितरण में सहयोग किया।

कार्यक्रम में सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेन्द्र शर्मा, जिला महिला आयाम प्रमुख राधिका जैमिनी, जिला भजन मंडली आयाम प्रमुख शक्ति शर्मा, सहकोषाध्यक्ष रानी वर्मा तथा संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं पूजा बैरागी, ऋषिका श्रोत्रिय, पायल खरे और बबली शर्मा सहित अन्य बहनों ने विशेष सहयोग दिया।समिति के इस प्रयास के माध्यम से बच्चों और उनके परिवारों को यह संदेश दिया गया कि त्योहारों की खुशियां तभी पूरी होती हैं, जब समाज का हर वर्ग इसमें शामिल हो। सेवा भारती की इस पहल ने सेवा, समर्पण, अपनत्व और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। बच्चों के घर तक पहुंचकर उनके साथ दीपावली मनाने की इस पहल की सराहना की जा रही है।

खेत में उगा रखे थे गांजा के पौधे, गोपालपुर पुलिस ने 70 हजार का गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोपालपुर पुलिस ने ग्राम चीचली में कार्रवाई करते हुए गांजे की खेती करने वाले 70 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खेत से गांजे के 6 बड़े पौधे जब्त किए हैं, जिनका कुल वजन 7 किलो 700 ग्राम बताया गया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई गई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और भैरूंदा एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में गोपालपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम चीचली में कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने अमर सिंह पिता गंगाराम हरियाले उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम चीचली के खेत की तलाशी ली। तलाशी के दौरान खेत से गांजे के 6 बड़े पौधे मिले, जिनका कुल वजन 7 किलो 700 ग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह गौड़, उपनिरीक्षक लवेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक विजय यादव सहित प्रधान आरक्षक राधेश्याम चौहान, महेश विश्वकर्मा, राजीव मरापो, आरक्षक विशाल सिंह तोमर, राजेश मीणा, आमीन शाह और विकास तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

निगमायुक्त दलीप कुमार ने दीपावली पर्व से पहले कर्मचारियों को दी सौगात

देवास। दीपावली के पावन पर्व से पहले नगर निगम के स्थायी एवं विनियमित कर्मचारियों के लिए खुशियों भरी खबर सामने आई है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ शहर अध्यक्ष शंकर सांगते ने बताया कि नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व एरियर राशि सहित सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया है। समय पर भुगतान होने से नगर निगम के कर्मचारियों में उत्साह और खुशी का माहौल है। निगम प्रशासन की ओर से बड़ी राहत और सौगात है। दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े और वे अपने परिवार के साथ हर्षोल्लास से पर्व मना सकें, इस उद्देश्य से समय पर भुगतान किया जाना सराहनीय कदम माना जा रहा है। एरियर राशि एवं वेतन मिलने से कर्मचारियों को त्योहार की तैयारियों, खरीदारी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में काफी सहूलियत मिलेगी। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार द्वारा कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए दीपावली के पूर्व एरियर राशि एवं वेतन का भुगतान कराया गया है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण है।

जरूरतमंद बच्चों की मुस्कान से रोशन हुई दीपावली, बांटे नए कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली का पर्व खुशियां बांटने और दूसरों के जीवन में उजाला लाने का संदेश देता है। इसी भावना के साथ न्यू अथर्व फाउंडेशन, सीहोर ने दीपावली पर 50 जरूरतमंद बच्चों को नए कपड़े वितरित किए। नए कपड़े पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनी। फाउंडेशन के सुनील राय ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल वस्तुओं का वितरण करना नहीं, बल्कि जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उनके त्योहार को खुशियों से भरना है। संस्था का प्रयास है कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बच्चा त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही संस्था का मूल संकल्प है। भविष्य में भी जरूरतमंद परिवारों और बच्चों की मदद के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। सेवा ही संकल्प और मानवता ही धर्म के संदेश के साथ फाउंडेशन ने समाजसेवा की प्रेरक मिसाल पेश की।

बिरम सिंह राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में करेंगे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान के प्रतिभावान छात्र बिरम सिंह का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 के लिए हुआ है। बिरम सिंह राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि शिवपुरी में 7 से 11 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में धिरम सिंह ने 3000 मीटर दौड़ स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 16 नवंबर तक शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिरम सिंह शिवपुरी रवाना हो गए हैं। बिरम सिंह की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, प्राचार्य आलोक शर्मा, खेल अधिकारी अताउल्लाह खान, खेल प्रभारी राजेश मालवीय, महेन्द्र चौथम, शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रशिक्षक मीना परमार, प्रभात मेवाड़ा, धर्मेन्द्र बाथम, संजय कर्मा, योग प्रभारी मनोष व्यास, मंजू प्रजापति, लोकेश परमार, सुरेन्द्र कुशवाहा सहित संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिरम सिंह को बधाई एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

धनवंतरी जयंती, चिकित्सकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



धनतेरस के पावन अवसर पर आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी के प्रत्यक्ष स्वरूप माने जाने वाले नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों का शहरवासियों ने भावभीना सम्मान किया। नागरिकों ने चिकित्सकों का वंदन कर उनसे उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु का आशीष प्राप्त किया और धनवंतरी तेरस की मंगलकामनाएं भेंट कीं। इस अवसर पर डॉ. बी. के. चतुर्वेदी के निवास पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बी. के. चतुर्वेदी, डॉ. एल. एन. नामदेव, डॉ. आर. के. खरे एवं युवा चिकित्सक डॉ. गगन नामदेव का नागरिक अभिनंदन किया गया।

आयोजकों ने सभी चिकित्सकों को कुंकुम-अक्षत का मंगल तिलक लगाया और पुष्पमाला व उपरना पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। उपस्थित नागरिकों ने चिकित्सकों के चरण स्पर्श कर स्वास्थ्य का आशीष लिया, जिसके प्रतिउत्तर में चिकित्सकों ने स्नेह स्वरूप आवश्यक औषधियों का वितरण किया। कार्यक्रम संयोजक आनंद गांधी ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्रों में चिकित्सकों को भगवान धनवंतरी का प्रत्यक्ष रूप माना गया है। धनतेरस के दिन धरती के इन साक्षात जीवनदाताओं का सम्मान करना और उनका आशीर्वाद लेना समाज के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित डॉ. सरला वी. के. चतुर्वेदी ने इस आयोजन को एक अनुकरणीय व मानवीय परंपरा बताते हुए अपने अनुभव साझा किए। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी कमल झंवर ने 'पहला सुख निरोगी काया' का संदेश देते हुए कहा कि दीपावली पर्व की शुरुआत ही स्वास्थ्य के देव की पूजा से होती है, क्योंकि शरीर स्वस्थ रहेगा तभी जीवन में सच्ची खुशहाली आएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता आशीष पचौरी, समाजसेवी आशीष गुप्ता, एल्डरमेन राजेश परिहार, कमलेश शर्मा, रवि ठकराल, पवन गुप्ता, उमाशंकर माहेश्वरी तथा शरद माहेश्वरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग में आज होंगे दो सेमीफाइनल मुकाबले

एकलव्य अकादमी ने कोच राहुल को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 में शुक्रवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। पहले मुकाबले में कोच राहुल क्रिकेट अरेना ने रेलवे यूथ भोपाल को 9 विकेट से पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में एकलव्य क्रिकेट अकादमी सीहोर ने कोच राहुल क्रिकेट अरेना को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में रेलवे यूथ भोपाल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.3 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोच राहुल क्रिकेट अरेना की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10.3 ओवर में एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इस तरह कोच राहुल क्रिकेट अरेना ने मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम किया। दिन के दूसरे मुकाबले में कोच राहुल क्रिकेट अरेना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाए। टीम की ओर से मुनीस जैन ने 40 रन, सत्यम ने 18, चेतन ने 17 और हृदेश ने 15 रन की पारी खेली। एकलव्य क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरव पिचोनिया ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि अतुल कुशवाहा और फरहान ने 2-2 विकेट तथा आदित्य सिंह और कनिष्क ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य क्रिकेट अकादमी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से कनिष्क ने 49 रन, अतुल कुशवाहा ने 27 रन और गौरव पिचोनिया ने 21 रन का योगदान दिया। इस जीत के साथ एकलव्य अकादमी ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को प्रतियोगिता के तहत दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल फैथ क्रिकेट क्लब और एलबी शास्त्री दिल्ली के बीच होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में एकलव्य क्रिकेट अकादमी सीहोर का मुकाबला बीडीसीए से होगा। इन मुकाबलों के बाद प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का निर्णय होगा।

विद्यार्थियों को बताए कानूनी अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में 'सुरक्षित बचपन अभियान' अंतर्गत 13 विभिन्न विद्यालयों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य संदेश 'ना बाल विवाह, ना बाल शोषण' आधारित रहा। अभियान के तहत न्यायाधीशगण ने विभिन्न विद्यालयों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। शिविरों में बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।शिविरों में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराधों से बचाव के बताए उपाय बताए गए। साथ ही बाल विवाह एवं बाल तस्करी के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया।

खबर संक्षेप

महर्षि पब्लिक स्कूल में दीपावली महोत्सव की धूम

जीरापुर। दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली, दीप सज्जा, थाली सज्जा, कलश सज्जा एवं मेहंदी सहित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जागरूकता और समसामयिक विषयों को बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोलियों में ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना की कलात्मक अभिव्यक्ति ने यह संदेश दिया कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता, जागरूकता और सद्भावना का प्रकाश फैलाने का भी अवसर है। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, डॉ. बी.एल. गुर्जर, संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर एवं संचालक शिवचरण दांगी द्वारा निर्णायक मंडल नियुक्त किया गया। निर्णायकों के मूल्यांकन के पश्चात रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 10वीं इंग्लिश मीडियम, द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं इंग्लिश मीडियम तथा तृतीय स्थान कक्षा 12वीं बायोलॉजी हिंदी मीडियम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक दिलीप राठौड़, राधेश्याम तोमर, अजय पंचोली, विशाल सेन, पवन पाटीदार, तय्यबा कुरैशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

करंट से आउटसोर्स कर्मचारी की मौत

नरसिंहगढ़। ग्राम आंदलहेड़ा में बुधवार शाम बिजली के पोल पर काम करते समय करंट लगने से आउटसोर्स कर्मचारी जगदीश कुशवाह की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गादिया डीसी में लाइन हेल्पर के पद पर कार्यरत था। गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि लाइनमैन की जगह लाइन हेल्पर से पोल पर काम कराया जा रहा था। वहीं, बताया जा रहा है कि मौके पर अर्थिंग रॉड भी उपलब्ध नहीं थी। बिजली लाइन पर काम करने के लिए परमिट किसके नाम से जारी हुआ था, इस सवाल पर भी विभाग की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। ऐसे में कर्मचारी की मौत के लिए जिम्मेदारी तय करने और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग उठ रही है।

कलेक्टर ने कुबेर मंदिर में पूजा अर्चना की

मंदसौर। धनतेरस पर कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने शुक्रवार को मंदसौर स्थित श्री कुबेर मंदिर पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस दौरान एसडीएम शुभम पाटीदार तहसीलदार नीलेश पटेल तथा जनपद सीईओ धर्मेंद्र यादव भी उपस्थित थे।

नानाखेड़ी में सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

गुना। शहर कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नानाखेड़ी इलाके में चोरी की वारदात सामने आई है। दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर चोर घर के अंदर रखी अलमारी से 20 हजार नगद और सोने-चांदी के जेवर पार कर ले गए। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पिपरोदा खुर्द पानी की टंकी के पास, नानाखेड़ी निवासी रेखा पत्नी समन्दर केवट (42) ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत सुबह 8 बजे वह अपने पति समंदर और दोनों बेटों के साथ मजदूरी करने मंडी गई थीं, और घर पर कोई नहीं था। दोपहर 2 बजे पड़ोसी राहुल अहिरवार ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर में कोई अज्ञात व्यक्ति घुस गया है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग जब घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अलमारी की तलाशी लेने पर चांदी की पायजेब, आधी कमरझल्लर, चार चांदी के चूड़े, आठ चांदी की अंगूठी, एक सोने की अंगूठी और 20 हजार रुपये नगद गायब मिले।

मायके पक्ष ने ससुरालजनों पर लगाए गंभीर आरोप

चंदेरी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम हिरावल में बुधवार दोपहर एक 23 वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है, वहीं मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम हिरावल निवासी अजय लोधी की 23 वर्षीय पत्नी प्रशन लोधी ने बुधवार दोपहर करीब 3 बजे अपने घर के भीतर फांसी का फंदा लगा लिया। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब घर की एक छोटी बच्ची लगभग 3 बजे अंदर गई और उसने महिला को फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद आनन-फानन में शव को नीचे उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गई।

मायके पक्ष ने उठाए गंभीर सवाल

घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मृतका के भाई अभिषेक लोधी निवासी सुनवह, जिला ललितपुर ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रशन लोधी के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग लंबे समय से उनकी बहन को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। भाई के अनुसार, मृतका अक्सर फोन पर घर की कलह और ससुराल वालों द्वारा किए जा रहे झगड़ों की बात बताती थी, लेकिन वह परिवार को बनाए रखने के लिए सब कुछ सहन करती रही। मायके पक्ष का यह भी गंभीर आरोप है कि इस घटना की आधिकारिक सूचना उन्हें ससुराल वालों द्वारा नहीं दी गई, बल्कि बुधवार शाम उनके एक दोस्त के जरिए इस अनहोनी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी।

पुलिस जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस ने मायके पक्ष द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को संज्ञान में लेते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के औपचारिक बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सर्प ने युवक का डसा, नहर में डूबने से मौत, जहरीला पदार्थ खाकर जान गंवाई

जिले में अलग अलग कारणों से 3 की मौत

अशोकनगर। जिले में अलग अलग थाना क्षेत्रों में 3 घटनाओं में 3 लोगों को अपनी जान गवाना पड़ी है, इन सभी घटनाओं में पुलिस ने मर्ग के मामले दर्ज किए हैं, मामले की जांच की जा रही है। जिले के देहात थाने के अंतर्गत बबलू केवट पुत्र वीरन केवट उम्र 33 साल निवासी ग्राम खड़ीचरा ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, उसे मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में उपचार के लिए ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत करण पुत्र फूलचंद अहिरवार निवासी ग्राम पांडरी की हिरावल सकवारा की बीच की नहर की पुलिया में डूबने से मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत सवीता यादव पत्नि राजभान सिंह यादव निवासी ग्राम बघनरी को अपने ही घर में सर्प ने डस लिया था जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

पिपरई में अवैध अस्पतालों पर प्रशासन की कार्रवाई, वैष्णवी क्लीनिक सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर एवं आसपास के क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पतालों और क्लिनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन ने कार्रवाई की। जिला चिकित्सालय अधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरई के प्रभारी डॉ. आशीष पहेलियां और नायब तहसीलदार अंजली चैधरी ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ के साथ करीब पांच से छह स्थानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया गया। कार्रवाई के दौरान आकेत में संचालित वैष्णवी अस्पताल ब क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया। यहां गोलू लोधी द्वारा बिना वैध डिग्री के अस्पताल संचालित किए जाने का मामला सामने आया। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान गोलू लोधी पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप भी लगा। मामले में नायब तहसीलदार अंजली चैधरी ने धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजे जाने की जानकारी दी।

शिकायतों के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

सीएचसी प्रभारी डॉ. आशीष पहेलियां ने बताया कि क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों और क्लिनिकों को लेकर मरीजों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जानकारी मिली थी कि कई स्थानों पर बिना आवश्यक डिग्री और योग्यता के अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। जिला चिकित्सालय से आदेश प्राप्त होने के बाद नगर एवं आसपास के क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। करीब पांच से छह स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित अस्पतालों को सील किया गया।

मुंगावली का नामकरण 'विद्यार्थी नगर' रखे जाने की मांग



अशोकनगर। अमर शहीद निर्भीक पत्रकार एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की ऐतिहासिक कर्मस्थली मुंगावली को उनके नाम से पहचान दिलाने की मांग तेज हो गई है। जिला पत्रकार संघ अशोकनगर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर साकेत मालवीय को ज्ञापन सौंपकर मुंगावली का नामकरण 'विद्यार्थी नगर' किए जाने तथा रेलवे स्टेशन पर उनके जीवन, संघर्ष, पत्रकारिता और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को दर्शाता स्मृति शिलालेख स्थापित करने की मांग की है।

जिला चिकित्सालय में विश्व रेडियोग्राफी सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



मंदसौर। विश्व रेडियोग्राफी सप्ताह 1 से 8 नवंबर तक मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिला चिकित्सालय मंदसौर के क्वालिटी सेल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आर. के. द्विवेदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मंदसौर एवं डॉ. बी. एल. रावत सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय मंदसौर द्वारा की गई। 8 नवंबर 1895 को जर्मनी के वैज्ञानिक विलियम कोनार्ड रोजन द्वारा एक्सरे की खोज की गई थी जो चिकित्सा जगत में क्रांतिकारी उपलब्धि है। वैज्ञानिक विलियम कोनार्ड रोजन के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के द्विवेदी ने कहा कि मंदसौर जिले मे रेडियोलॉजी स्टॉफ ने टीबी स्क्रीनिंग अभियान में 1.5 लाख एक्सरे किये जिसके कारण मध्य प्रदेश में मंदसौर जिला प्रथम रहा है रेडियोग्राफर के कार्यों की प्रशंसा की गई। सिविल सर्जन ने रेडियोलॉजी विभाग के स्टॉफ को एईआरबी की गाइडलाइन का पालन करते हुए टीएलडी बेच लगाकर, लेडअर्पन पहन कर मरीजों एवं स्वयं की सुरक्षा के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को एक्स-रे जांच की उपयोगिता, विभिन्न रोगों के निदान में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा विकिरण से होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विकिरण सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियों एवं मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मरीजों और हितग्राहियों, एक्स रे विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को खतरनाक विकिरण से बचाव एवं सुरक्षा के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आरएमओ डॉ. सौरभ मंडवारिया, क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद वर्मा, रेडियोलॉजी विभाग प्रभारी डॉ. बी.एस. कटारे, रेडियोलॉजी इंचार्ज मोहनलाल धनगर सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सकगण, मैट्रन, नर्सिंग ऑफिसर, रेडियोग्राफर , डार्क रूम असिस्टेंट एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

कहा छोटे व्यापारियों की खुशियों से ही रोशन होगा दीपावली पर्व

स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी कर विधायक जैन ने दिया लोकल फॉर वोकल का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



दीपावली का पर्व केवल रोशनी और खुशियों का त्योहार नहीं, बल्कि स्थानीय व्यापारियों के जीवन में खुशहाली लाने का भी अवसर है। इसी भावना के साथ विधायक विपिन जैन धनतेरस पर्व के मौके पर गांधी चौराहा पहुंचे। यहां से उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पैदल बाजार भ्रमण कर छोटे दुकानदारों और हाथ ठेला व्यापारियों से दीपावली की सामग्री खरीदकर स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित किया ।

विधायक ने गांधी चौराहा से बस स्टैंड, कालिदास मार्ग, घंटाघर, कालाखेत एवं दयामंदिर रोड क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने छोटी-छोटी दुकानों और हाथ ठेला गाड़ियों पर पहुंचकर धार्मिक पोस्टर, रंगोली के रंग, प्रसाद, सजावटी सामग्री, मिट्टी के दीपक सहित दीपावली की विभिन्न सामग्रियों की खरीदारी की। उन्होंने दुकानदारों से आत्मीयता से बातचीत कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक विपिन जैन ने कहा कि दीपावली खुशियों और आपसी प्रेम का पर्व है। इस अवसर पर हमारी छोटी-सी पहल किसी छोटे दुकानदार के परिवार की दीपावली को भी खुशियों से भर सकती है। हम सभी को बड़े शोरूम और बाजारों के साथ-साथ अपने आसपास के छोटे दुकानदारों, कुम्हारों, स्थानीय कारीगरों और हाथ ठेला व्यापारियों से भी खरीदारी करनी चाहिए। विधायक जैन ने नागरिकों से अपील की कि इस दीपावली पर स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को अपनाएं और छोटे व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान लाने में सहभागी बनें।

जिला चिकित्सालय को मिलेंगी डिजिटल मैमोग्राफी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

दीपावली और नववर्ष के अवसर पर मंदसौर अंचल के स्वास्थ्य ढांचे को एक बड़ी मजबूती मिलने जा रही है। रोटरी इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2025-26 के कार्यकाल में स्वीकृत तीन महत्वपूर्ण 'रोटरी ग्लोबल ग्रांट' परियोजनाओं के अंतर्गत अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों का शनिवार, 7 नवंबर को जिला चिकित्सालय में लोकार्पण किया जाएगा। गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे इस समारोह में सेठ रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल की स्मृति में सुशीला देवी गनेड़ीवाल परिवार के सहयोग से ये अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को समर्पित होगी।

डिजिटल मैमोग्राफी मशीनः महिलाओं में स्तन कैंसर की प्रारंभिक, सटीक एवं त्वरित जांच के लिए यह अत्याधुनिक मशीन अत्यंत ही कारगर साबित होगी। कार्डियक एम्बुलेंसः हृदय संबंधी आपात स्थिति (हार्ट अटैक) में मरीजों को जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी। अभय अभिषेक मेहता मंदसौर शैलेंद्र पारसमल मठा (नीमच),श्री विवेक संपतलाल बोर्डिया (उदयपुर), ईश्वर रामचंदानी मंदसौर द्वारा चार नवीन डायलिसिस मशीनेंः किडनी रोगियों के लिए उपचार क्षमता को विस्तार देते हुए चार नई डायलिसिस यूनिट्स (अनुयोग हॉस्पिटल, मंदसौर) स्थापित की जा रही हैं, जिससे नगर में डायलिसिस के लिए प्रतीक्षारत मरीजों की प्रतिक्षा अवधि कम होगी। शनिवार को प्रातः 10:30 बजे जिला चिकित्सालय स्थित बिल्डिंग परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर विधायक विपिन जैन, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया तथा समाजसेवी प्रदीप गनेड़ीवाल उपस्थित रहेंगे। वहीं रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3040 के शीर्ष नेतृत्व से वर्ष 2025-26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा व प्रथम महिला रूबी मल्होत्रा तथा वर्ष 2026-27 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कार कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहकर अंचल को यह सौगात सौंपेंगे।

रोटरी क्लब मंदसौर के पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल के सेवा संकल्प के तहत वर्ष 2025-26 में इन तीनों ग्लोबल ग्रांट्स की कार्ययोजना बनाकर मंजूरी प्राप्त की गई थी। कठिन और सतत प्रयासों व गनेड़ीवाल परिवार के सहयोग से मैमोग्राफी मशीन व कार्डियक वैन परियोजनाओं की स्थापना पूर्ण होकर लोकार्पण के रूप में साकार हो रही है। आयोजक गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट, गनेड़ीवाल परिवार तथा रोटरी क्लब वर्ष 2025-26 के अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने नगर के नागरिकों और स्वास्थ्य प्रेमियों से लोकार्पण अवसर पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

रॉयल हाईट्स स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

जीरापुर। नगर के रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए



आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियां बनाई। इस अवसर पर संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल को निखारने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी दीपावली पर्व के महत्व, खुशियों और भारतीय संस्कृति पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दीपावली आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशियां बांटने का पर्व है।

कलेक्टर ने ग्राम अजलेश्वर में ग्राम पंचायत भवन, स्कूल,आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को तहसील नईसराय के ग्राम अजलेश्वर के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत भवन, स्कूल,आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन में पर्याप्त साफ सफाई रखें जाने एवं रिकॉर्ड संधारित्र रखे जाने के निर्देश दिए। जर्जर शासकीय भवनो को डिस्मेंटल किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम अजलेश्वर के भ्रमण के दौरान कलेक्टर द्वारा चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की पूज्य माता के निधन पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार शंभू सिंह मीना, नायब तहसीलदार साथ रहे।

कार्यक्रम में सांसद व राज्यसभा सांसद ने हितग्राहियों का सम्मान किया

'स्वामित्व योजना में वास्तविक रूप से बने मकान मालिक'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीणों को उनके मकानों की रजिस्ट्री करवा कर वास्तविक रूप से मकान मालिक बना दिया है। अब ग्रामीणों की चिंता दूर हो गई है। यह बात मंदसौर तहसील अंतर्गत ग्राम अगोरिया में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता तथा बंशीलाल गुर्जर द्वारा अपने उद्बोधन में कही गई। इस अवसर पर ग्राम अगोरिया में स्वामित्व योजना की सूची के अंतिम व्यक्ति समरथ पिता भेरुलाल के 1700 स्क्वायर फीट एरिया में बने मकान की भी रजिस्ट्री की गई। अब उक्त गांव में सभी 80 रजिस्ट्रियां करवाई जाकर लक्ष्य अर्जित कर लिया गया है। इसके साथ ही मंदसौर तहसील के ग्राम साकलखेड़ा तथा रीन्दवा में भी शतप्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कार्यक्रम में एसडीएम शुभम पाटीदार तथा ग्राम पंचायत सरपंच घनश्याम भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्रामीणों को स्वामित्व योजना का लाभ मिल रहा है। गांव में खुशियां आई है गांव में शत प्रतिशत रजिस्ट्री की जा चुकी है। अब तक बगैर दस्तावेज के अपने मकान में रह रहे ग्रामीण स्वामित्व योजना में रजिस्ट्री के दस्तावेज से मकान के वास्तविक मालिक बन गए हैं यह खुशी का अवसर है। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोक कल्याण तथा जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं। शासन द्वारा सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। सांसद राज्यसभा बंशीलाल गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि धनतेरस के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सौगात दी गई है। ग्रामीण पीडियों से अपने मकान में रह रहे थे परंतु उनके पास दस्तावेज नहीं थे। अब शासन ने रिकॉर्ड और दस्तावेज उपलब्ध कराकर ग्रामीणों की चिंता दूर कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामित्व योजना संचालित कर ग्रामीणजनों को मकान का मालिक बनाने का कार्य किया है। पहले मकान के व्यवस्थित रिकॉर्ड और दस्तावेज नहीं होने के कारण मकान मालिक को बैंक से लोन मिलना मुश्किल था मकान की जमानत नहीं मानी जाती थी।

खबर संक्षेप

पंजीयन कार्य के पूर्ण करने प्रक्रिया होगी शुरू

आष्टा। विधायक की उपस्तिथि मेंस्वामित्व योजना के पात्र परिवारों के अभिलेखो का मुल्लानी में पंजीयन कार्य के पूर्ण किये जाने की होगी प्रक्रिया शुरू की गई। मप्र सरकार की महत्वपूर्ण स्वामित्व योजना अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के तहत पात्र परिवारों के शत-प्रतिशत पंजीयन की कार्यवाही विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्तिथि में उनके गृह ग्राम मुल्लानी से पूर्ण किये जाने के अभियान का श्री गणेश धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रारम्भ होगा। विधायक श्री इंजीनियर 6 नवंबर को अपने गृह ग्राम मुल्लानी पहुंचकर धनतेरस के अवसर पर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना के तहत पात्र परिवारों के शत-प्रतिशत पंजीयन की कार्यवाही अपनी उपस्थिति में पूर्ण कराएंगे।

कलेक्टर ने उत्पादन इकाई का किया निरीक्षण

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने आज अमलाहा स्थित दिशा लाइवलीहुड में नेशनल लाइवस्टॉक मिशन के अंतर्गत संचालित साइलेज उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इकाई में साइलेज उत्पादन की प्रक्रिया, उपलब्ध संसाधनों तथा उत्पादन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर बालागुरू के. ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को हरा पशुचारा निर्माण मशीन का अधिक से अधिक उपयोग करने और किसानों को किराये पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी नीलेश देसाई भी उपस्थित रहे। उन्होंने कलेक्टर को इकाई की कार्यप्रणाली एवं नेशनल लाइवस्टॉक की जानकारी दी।

दीपावली पर्व पर बाजर में दिखी रोनक, सजी दुकानें

इलेक्ट्रिक झालर और मिट्टी के दीयों की मांग, दीपावली में बाजारों में बढ़ी रौनक

पूजन सामग्री, सजावटी सामान और घरों को रोशन करने वाली लाइट्स की दुकानें सज गई, खरीदारी के लिए बाजर में भी जमकर भीड़ नजर आ रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में रोशनी के त्योहार दीपावली को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। धनतेरस से पहले ही मुख्य बाजारों में चहल-पहल दिखाई देने लगी है। पूजन सामग्री, सजावटी सामान और घरों को रोशन करने वाली लाइट्स की दुकानें सज गई हैं। लोग परिवार के साथ दीपावली की खरीदारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। सुबह से देर रात तक बाजारों में भीड़ नजर आ रही है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी अपने-अपने हिसाब से त्योहार की तैयारियों में जुटे हैं। कोई घर सजाने का सामान खरीद रहा है, तो कोई पूजन सामग्री और मिठाई की दुकानों पर पहुंच रहा है।

मुख्य बाजारों में लगीं अस्थायी दुकानें

त्योहार को देखते हुए बस स्टैंड, सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, अलीपुर, बुधवारा, नजरगंज और भोपाल नाका सहित प्रमुख इलाकों में अस्थायी दुकानें लग गई हैं। यहां पूजन सामग्री से लेकर घर सजाने के सामान तक की बिक्री हो रही है। लोग रंग-बिरंगे तोरण, वंदनवार, शुभ-लाभ के स्टीकर और आर्टिफिशियल फूल खरीद रहे हैं।अस्थायी दुकानों पर लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, कलश, रोली, मौली, कपूर, अगरबत्ती, धूपबत्ती, माला और पूजन थाली की भी खूब मांग है। दुकानदारों ने इस बार दुकानों को आकर्षक तरीके से सजाया है, ताकि ग्राहक खुद-ब-खुद खिंचे चले आएं।

इलेक्ट्रिक झालर, लाइट्स की कई वैरायटी

इस बार बाजार में घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए इलेक्ट्रिक झालर और लाइट्स की कई वैरायटी उपलब्ध हैं। रंग-बिरंगे कलर और नए डिजाइन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। सजावटी सामान की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ पहुंच रही है।बाजार में एलईडी झालर, राइस लाइट, कर्टेन लाइट, स्टार लाइट, वॉटरफॉल लाइट और रंग बदलने वाली स्मार्ट लाइट्स की भरमार है। 50 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक की झालरें उपलब्ध हैं। लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी ग्राहकी बढ़ने लगी है। दुकानदार विशाल चौरसिया ने बताया कि इस बार अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। बाजार में सभी रेंज के इलेक्ट्रॉनिक आइटम उपलब्ध हैं। दीपावली के नजदीक आते ही खरीदारी और बढ़ने की संभावना है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार लोग पुरानी झालरों की मरम्मत कराने के बजाय नई डिजाइन की लाइट्स खरीदना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। खासकर युवाओं में मल्टी कलर और म्यूजिक वाली लाइट्स की मांग ज्यादा है।

मिट्टी के दीयों की भी बढ़ रही मांग

आधुनिक लाइट्स के बीच पारंपरिक मिट्टी के दीयों को लेकर भी लोगों में उत्साह है। दीये बनाने वाले अजय प्रजापति ने बताया कि लोग बाजार में मिट्टी के दीये खरीदने पहुंच रहे हैं। हालांकि लागत बढ़ने और पहले की तुलना में कम दीये खरीदे जाने का असर है, फिर भी बिक्री हो रही है। व्यापारियों को उम्मीद है कि अगले दो-तीन दिनों में दीपावली की खरीदारी तेज होगी। बाजार में सादे दीयों के साथ-साथ पेंट किए हुए, डिजाइनर और बड़े साइज के दीये भी मिल रहे हैं। महिलाएं घर की सजावट के लिए रंग-बिरंगे दीये खरीद रही हैं। कई ग्राहक पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीये को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। उनका कहना है कि दीपावली की असली रौनक मिट्टी के दीयों से ही आती है।कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी, रंग और मजदूरी की लागत बढ़ने से दीयों के दाम थोड़े बढ़े हैं, लेकिन फिर भी लोग परंपरा को बनाए रखने के लिए दीये खरीद रहे हैं।

कपड़ा, बर्तन और मिठाई बाजार में भी तेजी

दीपावली को लेकर सिर्फ लाइट्स और दीयों का ही नहीं, बल्कि कपड़ा, बर्तन, जूते-चप्पल और मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। बर्तन बाजार में स्टील और पीतल के बर्तनों की मांग बढ़ी है। वहीं मिठाई की दुकानों पर भी ऑर्डर आने लगे हैं।व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस और दीपावली के दिन बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ रहेगी। पुलिस और नगर पालिका की ओर से भी बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारी की जा रही है।

जुआ खेलते 6 व्यक्तियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस ने 14,620 रुपए किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना पार्वती पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नासिर पिता साबिर खां निवासी डोराबाद के मकान में एक कमरे के अंदर कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से रुपये-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं।

मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा एसडीओपी महोदय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पार्वती के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई।पुलिस टीम को देखकर मकान मालिक नासिर मौके से भाग गया। कमरे के अंदर जुआ खेल रहे निम्न 06 व्यक्तियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने शेख नदीम पिता शेख वहीद, उम्र 37 वर्ष, निवासी जुम्मापुरा, दानिश पिता अनीस खां, उम्र 32 वर्ष, निवासी जुम्मापुरा, रफीकउद्दीन पिता रियाजउद्दीन, उम्र 35 वर्ष, निवासी किला, जावेद पिता जुहर खां, उम्र 38 वर्ष, निवासी लालपुरा, शोएब पठान पिता खलील पठान, उम्र 39 वर्ष, निवासी बोहरा बाखलाशेख अरशद पिता अब्दुल गनी, उम्र 29 वर्ष, निवासी अलीपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मौके से आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से कुल 14,620 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किए गए।

आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।फरार मकान मालिक नासिर की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूछताछ में यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह जुआ अड्डा कब से चल रहा था और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल थे।त्योहारों के सीजन को देखते हुए पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना पार्वती पुलिस की इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई मेंउप निरीक्षक शिवलाल वर्मा, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार जादोंन, प्रधान आरक्षक दुर्गा निगम, आरक्षक नितिन वर्मा, आरक्षक चालक गोपाल प्रजापत, आरक्षक रवि मेवाड़ा, आरक्षक राजेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

धनतेरस पर मुलानी-मंगलपुर में 103 परिवारों की हुई निःशुल्क रजिस्ट्रियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

धनतेरस पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के पैतृक ग्राम मुलानी-मंगलपुर में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन अभियान के तहत 103 परिवारों की निःशुल्क रजिस्ट्री संपन्न कराई। कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार, तहसीलदार राम पगारे, राजस्व निरीक्षक अमित रावत, पटवारी जितेंद्र नागर, सचिव नीरज कुमार प्रजापति, सरपंच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गांव में कुल 113 पट्टों के पंजीयन का लक्ष्य था। इनमें से 103 का पंजीयन पूर्ण हुआ। 6 हितग्राहियों की मृत्यु तथा 4 प्रकरणों में तकनीकी त्रुटि के कारण पंजीयन लंबित रहा।विधायक ने कहा कि अब हर परिवार के पास अपनी संपत्ति का पक्का कानूनी दस्तावेज होगा, जो ऋण, क्रय-विक्रय और सरकारी योजनाओं में काम आएगा। रजिस्ट्री मिलने पर ग्रामीणों ने इसे धनतेरस का बड़ा उपहार बताया।

कलेक्टर बालागुरू के. ने जावर में स्वामित्व योजना के पंजीयन कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने आष्टा विकासखंड के जावर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के दस्तावेजों के पंजीयन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया की प्रगति का जायजा लिया धनतेरस के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जनप्रतिनिधियों द्वारा इच्छित ग्रामों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का पंजीयन शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीहोर जिले में भी निर्धारित ग्रामों में पंजीयन कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा पंजीयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए पंजीयन की शेष प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को स्वामित्व योजना का लाभ मिल सके और उन्हें उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा सकें।

विधायक पहुंचे जैत, श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान की पूज्य माताश्री स्वर्गीय श्रीमती काशीबाई जी के निधन पर आज उनके गृहग्राम जैत स्थित निवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पूज्य माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान और परिवारजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया।विधायक ने कहा कि माताश्री काशीबाई जी एक सरल, सहज और संस्कारवान माता थीं। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा धर्म, सेवा और परिवार के मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उनके आशीर्वाद और संस्कारों का ही परिणाम है कि शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश और देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि मां का जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत माताश्री को नमन किया।इस दौरान जैत गांव में शोक का माहौल रहा। दूर-दूर से लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

धनतेरस पर जिले में संपन्न हुआ पंजीयन कार्य



सीहोर। सीहोर जिले में स्वामित्व योजना के अंतर्गत शुभ धनतेरस के अवसर पर विशेष पंजीयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा तथा जिले के तीनों विधायकों की उपस्थिति में हितग्राहियों के स्वामित्व अधिकारों से संबंधित पंजीयन कार्य संपन्न कराया गया। योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत पात्र परिवारों को उनकी संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे हितग्राहियों को अपनी संपत्ति पर स्वामित्व का अधिकार मिलने के साथ ही भविष्य में बैंक ऋण एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों में भी सुविधा प्राप्त होगी। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर विकासखंड के ग्राम सोहनखेड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामित्व योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के दस्तावेजों के निष्पादन एवं पंजीयन कार्य की प्रक्रिया में सहभागिता की। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामवासियों को स्वामित्व योजना के महत्व और इससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज प्राप्त होता है, जिससे संपत्ति पर उनका अधिकार सुनिश्चित होता है।

शीघ्र होगा डामरीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ

सीहोर। इछावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खामलिया से मड़ी माता मंदिर, अमरोद तज ग्राम तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे कच्चे मार्ग के निर्माण कार्य की मांग को लेकर जनपद सदस्य सुमन-जितेन्द्र भाटी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा राजस्व मंत्री एवं लोकप्रिय क्षेत्रीय विधायक श्री करण सिंह वर्मा से आग्रह किया गया था। जितेन्द्र भाटी ने बताया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत खामलिया से माता मंदिर से होते हुए अमरोद तक लगभग डेढ़ किलोमीटर सडक़ निर्माण की लंबे समय से की जा रही मांग अब पूर्ण होने जा रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग में 1 करोड़ 90 लाख 54 हजार रुपये की राशि से सडक़ निर्माण की स्वीकृति आ चुकी है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाना है। इस सडक़ के निर्माण से क्षेत्र के किसानों का वर्षों पुराना इंतजार खत्म होगा। बारिश के दिनों में किसानों को खेतों तक एवं क्षेत्रीय सोसाइटी, खाद लेने के लिए आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब पक्की सडक़ बनने से किसानों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उक्त मार्ग से लगभग 10 से 12 गांवों के लोगों का आवागमन होता है। कच्चा मार्ग होने के कारण ग्रामीणों एवं किसानों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग से खामलिया सोसायटी भी जुड़ी हुई है, जहां क्षेत्र के अनेक किसान खाद-बीज लेने एवं अपनी फसल के विक्रय के लिए आते-जाते हैं।

राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जिले की टीम ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

सिवनी जिले के प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व में आयोजित राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2026 में सीहोर जिले के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, ज्ञान और उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश स्तर पर सफलता का परचम लहराया है।उत्सव के अंतर्गत आयोजित कनिष्ठ वर्ग की क्विज प्रतियोगिता में सीहोर जिले की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।इस उपलब्धि में विकासखंड आष्टा के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जत्रा की कक्षा 7वीं की होनहार छात्रा कुमारी लक्ष्मी ठाकुर ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर जिले की कनिष्ठ वर्ग की विजेता टीम में लक्ष्मी ठाकुर, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा जत्रा व वंश दोहरे, शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल ग्वालटोली सीहोर शामिल रहे। दोनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। लक्ष्मी ठाकुर ने शिक्षिका रोशिता गैरोटिया के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की। उनकी सफलता में पीएम श्री विद्यालय खामखेड़ा जत्रा और संपूर्ण जिले का मान प्रदेश स्तर पर बढ़ा है।पीएम श्री विद्यालय खामखेड़ा जत्रा की छात्रा लक्ष्मी ठाकुर की यह सफलता ग्रामीण अंचल के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। इस उपलब्धि ने यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी स्थान की मोहताज नहीं होती। सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास, मेहनत और प्रोत्साहन मिले तो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। लक्ष्मी ठाकुर की इस सफलता से खामखेड़ा जत्रा सहित पूरे आष्टा क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री शीलू शर्मा, माधव यादव, खामखेड़ा संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, शिक्षिका श्रीमती रोशिता गैरोटिया, शिक्षक रामचंद्र मालवीय, अंकुर शर्मा, अंशुल शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यालय परिवार ने दोनों विजेता विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बागेर में हर्षोल्लास के साथ विद्यार्थियों ने मनाई दीपावली

रंगोली सहित कई प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय सुशीला हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पावन पर्व पर विविध रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली, फैंसी ड्रेस तथा झरोखा एवं दीपक सजाओ प्रतियोगिताओं से हुई। छात्राओं ने भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाते हुए सुंदर साड़ियां पहनीं। वहीं, मनमोहक रंगोलियों के जरिए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, नशा मुक्ति और आत्मरक्षा जैसे प्रेरणादायक सामाजिक संदेश दिए। विद्यार्थियों द्वारा सजाए गए दीये और थालियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनकी सभी ने खुलकर प्रशंसा की। रंगोली, फैंसी ड्रेस, और झरोखा एवं दीपक सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की। इस दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नशा मुक्ति का भी संदेश दिया। इस दौरान मार्गदर्शक अशोक परमार, प्राचार्या रानू परमार, प्रबंधक राजेश परमार, नरेंद्र परमार, समस्त शिक्षक स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण और बौद्धिक विकास करना है। इस तरह की सहगामी गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास मजबूत होता है और उन्हें अपनी कला व प्रतिभा दिखाने का खुला मंच मिलता है। पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक आयोजनों से बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता और भाईचारे की भावना का विकास होता है। दीपावली खुशियों और प्रकाश का पर्व है, जिसे हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और सुरक्षा के साथ मनाना चाहिए। त्योहार की उमंग में सुरक्षा का ध्यान रखना सबसे जरूरी है। बच्चे आतिशबाजी करते समय विशेष सावधानी बरतें, छोटों की देखरेख करें और केवल फुलझड़ियां या चकरी जैसे छोटे पटाखे ही जलाएं। आप सभी का जीवन इसी दीपोत्सव की तरह सदा जगमगाता रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफल आयोजन में अर्जुन सिंह ठाकुर, दिनेश बैरागी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, नीरज शर्मा, हरि प्रसाद प्रजापति, दीपा शर्मा, नीलांशी शर्मा, भावना दुबे, मोनिका जैन, ऋषिका ठाकुर, राखी परमार और अरुणा परमार समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सक्रिय सहयोग रहा।